# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२०२६

| कक्षा:-पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:१ संकल्प |
|---|---|---|

नोट :-पृष्ठ संख्या १० से सभी शब्दार्थ अपनी उत्तर पुस्तिका में कीजिए।

प्र०१-मातृभूमि की सेवा में हमें क्या-क्या संकल्प लेना होगा?

उ०१-मातृभूमि की सेवा में हमें कई संकल्प लेने होंगे जो लोग गरीब हैं और जिन पर किसी की छाया नहीं है उनको गले लगाना होगा । जो अंधेरे घर में हैं उनके घर में श्रम का दीपक जलाना होगा । मातृभूमि की सेवा में अपना सब कुछ अर्पित करने का संकल्प लेना होगा ।

प्र०२-बच्चे कैसे लोगों को गले लगाना चाहते हैं?

उ०२-जो लोग गरीब हैं और जिनका कोई आश्रय नहीं है ,बच्चे ऐसे लोगों को गले लगाना चाहते हैं।

प्र०३-वीरों का कर्ज़ चुकाने के लिए बच्चे क्या करेंगे?

उ०३-वीरों का कर्ज़ चुकाने के लिए बच्चे अपनी मातृभूमि की सेवा करेंगे । वे अपने अच्छे कर्मों द्वारा वीरों का मान बढ़ाएँगे।

प्र०४-प्रस्तुत कविता से आपको क्या सीख मिलती है?

उ०४-प्रस्तुत कविता से मुझे परोपकार करने की सीख मिलती है जो लोग निराश्रित हैं उन्हें हमें भावनात्मक रूप से सहारा देना चाहिए। अपने देश से प्रेम करना चाहिए। हर व्यक्ति के अंदर स्वाभिमान जीवित रहना चाहिए तथा हमें देश की उन्नति का संकल्प लेना चाहिए।

वाक्य प्रयोग

१-निराश्रित (जिनका कोई आश्रय न हो)

देश में कुछ संस्थाएँ ऐसी भी हैं जो निराश्रित लोगों को सहारा देती हैं।

२-उद्यम (परिश्रम)

निरंतर उद्यम करके ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

३-सर्वस्व (सब कुछ)

भारत के प्रत्येक नागरिक के मन में मातृभूमि के लिए सर्वस्व अर्पित कर कर देने की भावना होनी चाहिए।

४-मान(सम्मान)

हमें अपने परिवार की मान मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए।